an>

Title : The Speaker made reference to the 18th anniversary of the terrorist attack on Parliament House on 13th December 2001.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सभी को विदित है, अठारह वर्ष पूर्व 13 दिसम्बर, 2001 को एक दुस्साहसिक हमले में हमारी लोकतांत्रिक राजव्यवस्था की प्रतीक भारतीय संसद आतंकी हमले का निशाना बनी ।

यह हमला संसद परिसर की सुरक्षा में लगे हुए सतर्क सुरक्षा बलों द्वारा निष्फल कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस के पांच सुरक्षाकर्मी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कांस्टेबल, संसद सुरक्षा सेवा के दो सुरक्षा सहायक तथा एक अन्य कर्मचारी भी इस आतंकी हमले में शहीद हुए ।

यह सभा हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है ।

इस अवसर पर, हम आतंकवाद से लड़ने तथा अपने देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता की रक्षा करने संबंधी अपने संकल्प को एक बार पुन: दोहराते हैं ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी ।

11.01 hrs

(The Members then stood in silence for a short while.)

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न काल ।

...(व्यवधान)